छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति,
संचालनालय महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–01, द्वितीय तल, नया रायपुर, 492002
दूरभाष कमांक 0771–2234192, 2234188 (Fax), E-Mail : dirwcd.cg@nic.in

"विज्ञापन"

एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत राज्य स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत एकीकृत बाल संरक्षण योजना के प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार राज्य स्तर पर एकीकृत बाल सरंक्षण योजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य बाल संरक्षण समिति (इकाई) एवं राज्य दत्तक संसाधन अभिकरण में विभिन्न पदो पर भर्ती के लिये पात्र आवेदकों से **दिनांक 12 जून 2017** तक आवेदन आमंत्रित है। पदों एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :–

क.	पदनाम	पद संख्या	वेतनमान / संविदा वेतन (प्रतिमाह)	चयन प्रकिया / सेवा की स्थिति	आयु सीमा	आरक्षण की स्थिति
	राज्य बाल संरक्षण समिति (इकाई)					
1	कार्यक्रम अधिकारी (जेसीएल)	01	26,250 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	अनारक्षित
2	कार्यक्रम अधिकारी (प्रशिक्षण)	01	26,250 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	अनारक्षित
	राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण					
1	कार्यक्रम अधिकारी (दत्तक ग्रहण)	01	26,250 / –	संविदा	25 से 45 वर्ष	1 पद अजजा के लिए आरक्षित

उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगी :–

पदनाम	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता	अनिवार्य कौशल	अनुभव	वांछनीय योग्यता
कार्यक्रम अधिकारी (जेसीएल)	समाजशास्त्र / मनोविज्ञान (बाल मनोविज्ञान) / एमएसडब्ल्यू / समाज विज्ञान / विधि या समकक्ष विषयों में स्नातकोत्तर	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस / टेली तथा कम्प्यूटर / वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय / अर्द्धशासकीय / अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी में बाल संरक्षण / बाल कल्याण / बाल विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव । *विधि की उपाधि धारक को वरीयता दी जायेगी।*	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व दोनो भाषाओं मे कार्य करने में दक्ष होना चाहिए।
कार्यक्रम अधिकारी (प्रशिक्षण)	समाजशास्त्र / मनोविज्ञान (बाल मनोविज्ञान) / एमएसडब्ल्यू / समाज विज्ञान / विधि या समकक्ष विषयों मे स्नातकोत्तर	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस / टेली तथा कम्प्यूटर / वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय / अर्द्धशासकीय / अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी में बाल संरक्षण / बाल कल्याण / बाल विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव ।	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व दोनो भाषाओं मे कार्य करने में दक्ष होना चाहिए।

कार्यक्रम अधिकारी (राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण)	समाजशास्त्र/मनोविज्ञान (बाल मनोविज्ञान)/ एमएसडब्ल्यू /समाज विज्ञान या समकक्ष सामाजिक विषयों में स्नातकोत्तर	कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए ।	शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी में बाल संरक्षण/बाल कल्याण/ बाल विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव ।	अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान व दोनो भाषाओं मे कार्य करने में दक्ष होना चाहिए।

आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य विवरण www.cgstate.gov.inवेबसाईट पर उपलब्ध है :–

आवेदन प्रपत्र संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्लॉक–01, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन नया रायपुर 492002 से प्राप्त किये जा सकते है।

विज्ञापन मे दिये प्रारूप अनुसार निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र डाक/कुरियर द्वारा दिनांक 12 जून 2017 की संध्या 5:00 बजे तक आयुक्त, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्लॉक–01, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन नया रायपुर 492002 के पते पर प्राप्त हो जावें।

प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्तें :–

1. संविदा नियुक्ति 2 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।
2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
4. आयु की गणना 1 मई 2017 की स्थिति में की जायेगी।
5. सभी पदों पर अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।
6. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा । निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए।
7. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे । आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए।
8. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी एवं स्व प्रमाणित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
9. शासकीय/अर्द्धशासकीय/स्वैच्छिक संगठनों में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।
10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे एवं इस संबंध में उम्मीद्वारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

11. उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीद्वार आवेदन ना करें।

12. प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदित किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से होना चाहिए।

13 लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा।

14. आवेदन पत्र कार्यालयों में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे । **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।**

15. उपरोक्त पदों पर चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–

पदनाम	चयन प्रकिया
कार्यक्रम अधिकारी (सभी)	1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंकों पर Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक । 2. न्यूनतम अनुभव के पश्चात् प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव के लिए 2 अंक दिये जायेंगे । अधिकतम 30 अंक । 3. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट से संबंधित परीक्षा पर 20 अंक निर्धारित रहेंगे ।

उपरोक्तानुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंको की मेरिट सूची के आधार पर मेरिट क्रम में 1 पद के लिए अधिकतम 10 उम्मीदवारों को प्राक्चयन परीक्षा/लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट/कम्प्यूटर परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा।

16. **चयन प्रकिया पर किसी प्रकार की विवाद की दशा में सचिव/आयुक्त, महिला एवं बाल विकास विभाग का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा** ।

17. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www.cgwcd.gov.in एवं www.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है ।

18 अपात्र अथवा मेरिट क्रम में न आने वाले अभ्यर्थियों को सूचना नही दी जायेगी। चुने हुए अभ्यर्थियों को मेल/एसएमएस/पत्र के माध्यम से सूचना दी जायेगी। अतः सही मेल आईडी/पता व मोबाईल नं. का उल्लेख आवेदन पत्र में किया जावे।

19. आवेदक का आवेदन **दिनांक 12 जून 2017 को सायं 5.00 बजे** तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए । इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

(आयुक्त महोदया द्वारा अनुमोदित)

सहायक संचालक (आईसीपीएस)
संचा. महिला एवं बाल विकास विभाग
रायपुर–छत्तीसगढ़

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

.....

.....

.....

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटों पर हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें

1. आवेदित पद का नाम :– .....

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– .....

(अंग्रेजी में) :–.....

3. पिता / पति का नाम :– .....

4. स्थायी पता :– .....

.....

5. पत्र व्यवहार का पता :–.....

.....दूरभाष / मोबाईल.....

ईमेल आईडी – .....

6. जन्मतिथि (अंकों में) :– .....

(शब्दों में) :–.....

7. दिनांक 01 / 05 / 2017 को आयु :–.....

8. लिंग पुरूष / महिला :– .....

9. जाति / वर्ग (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य) जाति ..... वर्ग .....

10. क्या आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :–.....

11. विवाहित / अविवाहित / विधुर / विधवा / परित्यक्ता :– .....

12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथिः– .....एवं जीवित बच्चों की संख्या :– .....

13. शैक्षणिक योग्यता :–(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

क.	उत्तीर्ण परीक्षा	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड / संस्था का नाम	प्राप्तांक / पूर्णांक	प्रतिशत	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7

14. अन्य योग्यता का विवरण :– .....

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– .....

संस्था का नाम	पद नाम	अनुभव का विवरण		वेतन	पद छोड़ने का कारण
		कब से	कब तक		

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते हैं ।

16. **अनिवार्य संलग्नकों की सूची –**

1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

17. अन्य संलग्नकों का विवरण

1.....

2.....

3.....

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

घोषणा–पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान – .....

दिनांक – .....